प्रेस के लिए सूचना (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 07/2025)

तत्काल प्रकाशन हेतु

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

नई दिल्ली 31 जनवरी 2025 — भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के रीयल एस्टेट विनियामक प्राधिकरणों (रेरा) के प्रतिनिधियों के साथ भवनों में अच्छी डिजिटल कनेक्टिविटी की आवश्यकता और भादूविप्रा के "डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए संपत्तियों की रेटिंग विनियम, 2024" विषय पर एक वेबिनार 30 जनवरी 2025 को आयोजित किया गया ।

वेबिनार की अध्यक्षता भादूविप्रा के माननीय अध्यक्ष श्री अनिल कुमार लाहोटी ने की। इस वेबिनार में कुल 116 प्रतिभागियों ने सहभागिता की जिसमें 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के रीयल एस्टेट विनियामक प्राधिकरणों के प्रतिनिधियों, भादूविप्रा मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों तथा भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालयों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया ।

भादूविप्रा के अध्यक्ष ने अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में, रीयल एस्टेट विनियामक प्राधिकरणों के साथ सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया, जोकि भवनों के अंदर डिजिटल कनेक्टिविटी के मुद्दों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं ।

भादूविप्रा के सलाहकार श्री तेजपाल सिंह ने डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग एजेंसियों (डीसीआरए) और संपत्ति प्रबंधकों के पंजीकरण की प्रक्रिया, डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग चरण और रेटिंग मानदंडों सहित संबंधित विनियमों के विभिन्न प्रावधानों को कवर करते हुए प्रस्तुतिकरण दिया। भादूविप्रा के अधिकारियों द्वारा रेरा प्रतिनिधियों के प्रश्नों का उत्तर दिया गया ।

वेबिनार में ट्राई और रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरणों के बीच सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर भी विचार-विमर्श किया गया। रेरा के प्रतिनिधियों ने वेबिनार की सराहना की और सभी हितधारकों के साथ इसी तरह की बातचीत की आवश्यकता जताई।

अतुल चौधरी 31/1/25

(अतुल कुमार चौधरी)
सचिव